




## खबर संक्षेप

### सफाई के अभाव में बजबजायी नाली, सड़क पर बह रहा गंदा पानी




**रिसदा।** ग्राम रिसदा में इन दोनों नालियों की सफाई नहीं होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे आवागमन करने वाले आम जनता परेशान हैं। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम में विगत 7 से 8 माह पूर्व गांव की सफाई नवनिर्वाचित सरपंच द्वारा करायी गई थी, जिसके पश्चात से अब तक सफाई नहीं होने से ग्राम के विभिन्न वार्डों में गंदगी एवं नालियां जाम हो गई है, इस कारण पानी ठहर गया है। इससे बदबू व मच्छर पनप रहे हैं। ग्राम के वार्ड 19, 5, 7, 8 में स्थिति खराब है। वार्ड क्रमांक 5 में तो घरों से निकला हुआ गंदा पानी, मल मूत्र सड़क पर गंदगी फैला रहे हैं, इस वजह से वार्डवासियों में गुस्सा पनप रहा है। ग्रामवासियों ने पंचायत के जनप्रतिनिधियों से नालियों की जल्द ही सफाई की मांग की है।

# रोजा इफ्तार में सर्व समाज की सहभागिता भाईचारे का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पवित्र रमजान माह के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित हजरत उमर सुन्नी जामा मस्जिद में मुस्लिम समाज द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न समाजों के प्रमुख, जनप्रतिनिधि, अधिवक्तागण, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का भी सम्मान किया गया।

इफ्तार कार्यक्रम में शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, लखेश साहू, गणेशशंकर साहू अधिवक्ता, प्रवीन सेन, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, योगेश अग्रवाल, नीरज सोनी, लेखपाल जायसवाल सहित अनेक पार्षद एवं सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें गोल्डी मरैया, रविन्द्र नामदेव, पार्षद प्रतिनिधि मनीष वर्मा, भीम कनौजे, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष श्याम शुक्ला, विष्णुधर दीवान, सुशील तिवारी, धनंजय तिवारी, राजीव लोचन शुक्ला, ईसाई समाज से पास्टर आशीष फिलिप व अभिजीत फ्रैंकलिन सहित अन्य समाजों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

मुस्लिम समाज की ओर से पूर्व मुतवल्ली सैय्यद आरिफ अली, नसीम अहमद, शेख सिराजुल, शेख वसीम, सैय्यद महमूद अली, रसीद खान, शेख इब्राहीम, इकबाल खान, ▶▶ शेष पेज 11 पर

## जामा मस्जिद में हुआ आयोजन

### त्याग, संयम और इबादत का महीना

कार्यक्रम में सैय्यद आशिफ अली अधिवक्ता एवं कार्यवाहक मुतवल्ली जामा मस्जिद तथा पार्षद व नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने रमजान के 25वें रोजे और अंतिम अशरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे त्याग, संयम और इबादत का महीना बताया।



### रमजान का महीना त्याग और प्रेम का संदेश देता है

ब्राह्मण समाज अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने कहा कि बलौदाबाजार में सदैव आपसी प्रेम और सौहार्द बना रहे, यही सभी की कामना है। वहीं सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि रमजान का महीना त्याग और प्रेम का संदेश देता है तथा समाज में विश्वास और भाईचारा मजबूत करता है।

## जंयती : माता कर्मा जयंती पर हुई पूजा-अर्चना, बांटी गई प्रसादी

# कर्मा जयंती पर माताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

क्षेत्र के ग्राम गिर्रा में साहू समाज द्वारा माता कर्मा जयंती मनायी गई। गांव के सभी बच्चे, महिला, पुरुष एकत्रित हुए, माता कर्मा की जयकारा करते रहे। उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए रोशनी साहू ने बताया कि माता कर्मा अपने आरंभिक दिनों में ही भगवान श्री कृष्ण की आराधना किया करती थी, उनके श्रद्धा, सच्चे भक्ति का ही परिणाम है कि भगवान जगन्नाथ अपने आसन से चल कर माता कर्मा के पास आये और उनके हाथों से बने खिचड़ी खाकर माता जी को दर्शन दिए।इस तरह से पूरी में आज भी जगन्नाथ को खिचड़ी का ही भोग लगता है, जिसे श्रद्धालु महाप्रसादी के रूप मे पाने के लिए हाथ पसारते हैं और अपने आपको धन्य मानते हैं।

इस अवसर पर राम कुमार साहू ने बताया कि माता कर्मा साहू समाज की गौरव है, उनके बताए मार्ग पर चल कर समाज सेवा, अपने अधिकारों के लिए सजग रहना, शोषण के ▶▶ शेष पेज 11 पर

### नगर साहू संघ ने मनाई भक्त माता कर्मा जयंती



बलौदाबाजार। नगर साहू संघ के तत्वावधान में रामेश्वर धाम स्थित रामसागर तालाब परिसर में साहू समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा की जयंती श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, रंगोली एवं भक्त माता कर्मा की आरती के साथ हुई।
इस अवसर पर अधिवक्ता देशराम साहू ने भक्त माता कर्मा के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश साहू समाज कार्यकारिणी सदस्य धनंजय साहू ने माता कर्मा को माल्यार्पण कर साहू समाज से एकजुट होकर समाज की शक्ति को ▶▶ शेष पेज 11 पर

# जिला प्रशासन ने 7 अवैध घरेलू सिलेंडर किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिले में अवैध एलपीजी गैस सिलेंडर के जमाखोरी व कालाबाजारी के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को जांच अभियान चलाया गया, जिसमें 7 अवैध घरेलु सिलेंडर जब्त किए गए।

प्रशासन की टीम ने एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में लालबहादुर शास्त्री वार्ड स्थित महालक्ष्मी फालूदा कार्रवाई की गई। इसीतरह बस स्टैंड चौक स्थित दादा भाई बिरयानी सेंटर से 1 घरेलू सिलेंडर जब्त ▶▶ शेष पेज 11 पर

### पलारी में 5 सिलेंडर जब्त

बलौदाबाजार। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध एलपीजी गैस सिलेंडर के जमाखोरी व कालाबाजारी के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को संयुक्त टीम द्वारा खरतोरा नाका पलारी में सागर स्वीट्स हरिकिशन साहू के यहां से 5, रंगला पंजाब ढाबा के प्रॉपराइटर कैप्टन सिंह के प्रतिष्ठान से 3 खाली घरेलु सिलेंडर जब्त किया।







## खबर संक्षेप



### चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में निकाली बाइक रैली

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व के उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जय झूलेलाल महोत्सव समिति द्वारा लाखेनगर से झूलेलाल सरोवर कटोरा तालाब तक विशाल वाहन रैली व झूलेलाल चालीहा महापाठ दरियशाह की महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों सिंधुजन शामिल हुए। आयोजन में बॉलीवुड अभिनेता राहुल चेलानी, धार्मिक सीरियल्स में हनुमानजी का किरदार निभाने वाले अभिनेता निर्भय वाधवा और अभिनेता अक्षय पोपटानी विशेष रूप से शामिल हुए। समिति के संस्थापक प्रशांत राज गावरी व आदर्श कलवानी ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। मुख्य रूप समिति के प्रमुख संतोष सचदेव, हर्षित लेखवानी, योगेश घिंडवानी, हेमंत बुधवानी, सुजल करवानी आदि उपस्थित रहे।
, ओम कलवानी, प्रतीक राज गावरी, दौलत बलवानी, धनराज दोडवानी, शुभम वाधवानी, लाखेनगर युवा टीम आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### घर के अंदर घुसकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा में घर के अंदर घुसकर मारपीट करने के मामले में खल्लारी थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को साहस राम देवांगन पिता डेरहा राम देवांगन (60 वर्ष) पचेड़ा ने बताया कि 15 मार्च की सुबह करीबन 7 बजे गांव का खिलावन पिता श्यामकुमार दुबे उसके घर के दरवाजा को धक्का देकर अंदर घुस गया और घरेलू उपयोगी सामान को तोड़फोड़ करने लगा, जिसे मना करने पर गाली गलौज कर उसने मारपीट की। बीच बचाव करने आए गीता दुबे, केशव साहनी, जितेंद्र टंडन, सेवकराम साहू के साथ भी उसने गाली गलौज किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 333, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पापमोचनी एकादशी व्रत रख महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में पापमोचनी एकादशी व्रत रखा महिलाओं ने पूजा अर्चना की। वीरेंद्र वैष्णव ने बताया पापमोचिनी एकादशी के दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा पंचामृत, तुलसी के पत्ते, पीले फूल, धूप, दीप आदि से करते हैं। पूजा के समय पापमोचिनी एकादशी की व्रत कथा सुनते हैं। इस व्रत को करने से पाप मिटते हैं और मोक्ष मिलता है। पापमोचिनी एकादशी का व्रत चैत्र कृष्ण एकादशी को मनाया गया।

### कर्मा जयंती में शामिल हुए देवी

**महासमुंद।** भक्त माता शिरोमणि माता कर्मा जयंती लोहिया चौक में साहू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शामिल होकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहू तेली समाज की सामाजिक, धर्मिक धरोहर मता कर्मा है। उनकी मक्ति भगवान कृष्ण के प्रति इतनी निस्वार्थ थी कि भगवान स्वंय उनके हाथों से खिचड़ी का भोग ग्रहण करते थे। इस कारण माता को शिरोमणि की उपाधि प्राप्त हुई।

### टीम के चयन के लिए ट्रायल 22 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने सभी जिला क्रिकेट संघों को महिलाओं के अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के लिए सत्र 2026-27 के ट्रायल्स संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुसार महासमुंद जिला क्रिकेट संघ द्वारा जिले की टीम के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन 22 मार्च रविवार को प्रातः 8ः बजे से मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। ट्रायल्स में भाग लेने के लिए सत्र 2026-27 के लिए निर्धारित कट-ऑफ तिथि के अनुसारः अंडर-23 वर्ग में 01 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच जन्मे खिलाड़ी ही पात्र होंगे।

# मार्च में ही तेज हुई गर्मी, जिले में पहुंचा पारा 36 डिग्री के पार


**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

मार्च के महीने में ही महासमुंद जिले में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय शहर की सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है और कई स्थानों पर सड़कें सुनसान नजर आने लगी हैं। सुबह के समय मौसम सामान्य रहता है, लेकिन सुबह 8-9 बजे के बाद धूप तेज हो जाती है। इसके बाद दोपहर तक गर्मी का असर बढ़ने लगता है। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी दोपहर के समय लोगों की भीड़ कम दिखाई दे रही है। लोग जरूरी काम सुबह या शाम के समय ही निपटाने का प्रयास कर रहे हैं।

**दोपहर में सड़कों पर कम हुई आवाजाही, मौसम विभाग ने जताई तापमान बढ़ने की संभावना**

#### गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने लगे लोग

तेज धूप से राहत पाने के लिए लोग छाता, गमछा और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। वहीं दोपहिया वाहन चालकों को भी तेज धूप के कारण ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में ठंडे पेय, जूस और आइसक्रीम की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ने लगी है।



#### रात में मिल रही थोड़ी राहत

हालांकि दिन के मुकाबले रात के समय तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिल रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में 1 से 2 डिग्री तक और बढ़ोतरी हो सकती है।

#### सावधानी बरतने की सलाह

डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को गर्मी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। गर्मी के शुरुआती दौर में ही बढ़ते तापमान ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। ऐसे में आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**विशेषज्ञों ने महिलाओं की शिक्षा, कौशल विकास और लैंगिक समानता पर रखे विचार**

# गर्ल्स कॉलेज में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**







गवर्नमेंट मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में 16 से 18 मार्च तक तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का विषय "Gender Inclusion and Equality Initiatives" रखा गया था, जिसे हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि समाज, कार्यस्थल और परिवार हर क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि विश्व के लगभग 145 देशों में भारत का स्थान जेंडर इक्वेलिटी के मामले में 125वां है, जो इस विषय की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण और समान अवसरों की महत्ता को रेखांकित किया।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में कौशल विकास को बढ़ावा जाए एवं समानता का अधिकार। विशिष्ट अतिथि के रूप में संगीता ध्रुव (अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति) उपस्थित थीं। जनभागीदारी समिति की सदस्य नमिता जैन मैम एवं डॉ. निशा झा मैम भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा व्याख्यान दिए गए। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जी.एम. घनश्याम, प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय कुई कुकदूर ने महिलाओं की शिक्षा में समान अवसर, कौशल विकास और सामाजिक समानता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

दूसरे सत्र में प्रोफेसर डॉ. रविंद्र ब्राम्हे ने व्याख्यान दिया। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा को समानता प्राप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम बताया और कहा कि शिक्षित महिलाएं समाज में अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग और सशक्त बनती हैं।

तीसरे सत्र में जी.एस. मिंज ने अपने विचार रखे। उन्होंने कार्यस्थल और समाज में लैंगिक समानता के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सकारात्मक मानसिक स्थिति व्यक्ति के कार्य प्रदर्शन और जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाती है।

कार्यक्रम में डी. के कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक उपाध्याय तथा उनके महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त पलारी कॉलेज के प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य भी कार्यक्रम में सहभागी बने।

## भाजपा ने की संगठन विस्तार व आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन**

भाजपा की मंडल स्तरीय बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में वक्ताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा का मूल आधार कार्यकर्ता हैं और सभी के सामूहिक प्रयास से ही पार्टी निरंतर आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठकें संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस दौरान क्षेत्रीय समस्याओं, संगठन विस्तार और आगामी गतिविधियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार बघमार ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अदिति बघमार, संतन दास बांधे, पूर्व सरपंच भागीरथी वर्मा, युगल किशोर वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, दीपक कुमार वर्मा, कुलदीप धुरंधर, जीतू वर्मा, परमेश्वर वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विवाद के बाद मारपीट, चाकू से हमला

**महासमुंद।** पैर रखने को लेकर हुए विवाद के चलते मारपीट और चाकू से हमले के मामले मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को टेका निवासी जितेंद्र बरिहा ने बताया कि 15 मार्च को गांव के प्रदीप साहू की बारात में उसका भाई नरेंद्र बरिहा, उमेश बरिहा और चंद्रशेखर बरिहा और गांव के अन्य लोग बस से ग्राम मोहतरा थाना बिलाईगढ गये थे। बारात में शामिल होकर वापस ग्राम टेका आते समय बस में उसके भाई नरेंद्र बरिहा ने अपना पैर राम सिन्हा के पैर के ऊपर रख था, जिसे लेकर दोनों में विवाद हुआ। जैसे ही 4 बजे बस से ग्राम टेका पहुंची बस से उतरते समय नरेंद्र बरिहा के साथ विवाद करते हुए राम सिन्हा ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट और अपने पास रखे चाकू से नरेंद्र के बांये कंधा के पास वार किया।

## रूपेश सिंह असम विधानसभा चुनाव के लिए कोऑर्डिनेटर नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रूपेश सिंह ठाकुर को असम विधानसभा चुनाव के लिए करीमगंज जिले का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। इससे पहले भी पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें झारखंड एवं असम विधानसभा चुनाव के लिए ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी दी गई थी।



नियुक्ति पर रूपेश सिंह ठाकुर ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं असम के मुख्य प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, पूर्व मुख्यमंत्री व एआईसीसी महासचिव भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तथा एआईसीसी सचिव एवं असम के विशेष प्रभारी विकास उपाध्याय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

उनकी नियुक्ति पर पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्या भूषण शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख सहित कई पार्षदों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## नगर में शीतला और काली माता की प्राण प्रतिष्ठा



**बलौदाबाजार।** नगर के पुराने सब्जी मंडी स्थित नवनिर्मित मंदिर में माता शीतला और काली माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां शीतला वरदान सेवा समिति द्वारा नवनिर्मित ज्योति कलश भवन का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने लोकार्पण किया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने पूजा अर्चना की और आयोजकों द्वारा किए गए सराहनीय प्रयास के लिए मां शीतला वरदान सेवा समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दी गई।

मां शीतला वरदान सेवा समिति द्वारा इस अवसर पर पूजन एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया गया। कक्ष उद्घाटन व पूजन के अवसर पर समिति के कमल भारद्वाज, खिलावन पटेल, भूपेंद्र यादव, घनश्याम साहू, संजय यादव, दुर्गेश साहू, टेकराम पटेल, सहदेव पटेल, कुशल यादव, जय पटेल, विनोद सोनी, शुभम विश्वकर्मा सहित अन्य महिलाएं एवं बाजार क्षेत्र के व्यापारी उपस्थित थे।

## जिले में पांचवी बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन सोमवार से जिला रायपुर में प्रारंभ हो गया। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने केंद्राध्यक्षों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। केंद्राध्यक्ष भरत लाल धुरंधर ने पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं केंद्राध्यक्ष धीरेंद्र कुमार वर्मा ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला



पचरी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, बैठने की व्यवस्था, प्रश्न पत्रों की सुरक्षा, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी विद्यालयों के प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा और परीक्षा की सुचारू व्यवस्था के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं।

**आवेदन 31 मार्च तक मंगाए गएः**
**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत ग्राम रूद्री स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 (पुलिस लाईन रूद्री) में पालना घर का संचालन किया जाना है। इसके लिए पालना घर कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती हेतु 31 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**मरम्मत के लिए स्वीकृत हुए 3 करोड़ 55 लाख**

# चिंगरौद-हथखोज मार्ग जर्जर, राहगीर परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

जिले को गरियाबंद से जिले में जोड़ने वाले सबसे नजदीकी मार्ग चिंगरौद-हथखोज जर्जर होने के कारण इस मार्ग से गरियाबंद पहुंचने वाले लोगों के लिए यह मार्ग परेशानी का सबब बना हुआ है। बता दें कि यह मार्ग महासमुंद और गरियाबंद जिले को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण गांव होने के साथ सीमा के नजदीकी गांवों और ग्रामीणों की आवाजाही का सबसे बड़ा साधन है। लेकिन, लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण जगह-जगह बड़े गड्ढे हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित चिंगरौद-हथखोज मार्ग सैकड़ों ग्रामीणों के लिए रोजाना आवाजाही का प्रमुख रास्ता है। सड़क की खराब हालत को देखते हुए इसके पुनर्निर्माण के लिए लगभग 3 करोड़ 55 लाख रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। हालांकि अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जिससे लोगों की परेशानी लगातार बनी हुई है।



#### गड्ढों से भरी सड़क, बरसात में हालात और खराब

ग्रामीणों की मानें तो इस मार्ग पर हुए गड्ढे बरसात के दौरान और खतरनाक हो जाते हैं। इनमें पानी भर जाने से वाहन चालकों को अंदाजा नही हो पाता। कई बार वाहन चालक इन गड्ढों में गिरकर दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। वर्तमान में भी सड़क पर केवल डामर की परत ही दिखाई देती है और कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह टूट चुकी है।स्थानीय लोगों के अनुसार नवागांव बाजार से बचेली तक सड़क काफी संकरी है, जिससे वाहनों का आवागमन प्रभावित होता है।

#### कई बार उठ चुकी है मरम्मत की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर सड़क के सुधार के लिए कई बार प्रशासन को आवेदन और ज्ञापन दिए जा चुके हैं। संबंधित विभाग से मरम्मत की स्वीकृति भी मिल चुकी है, लेकिन अब तक टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया है। विभागीय अफसरों की मानें तो चिंगरौद-हथखोज सड़क निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। टेंडर खुलने के बाद जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सकेगी।

## तीस महीने बाद भी शुरू नहीं हो पाया आंबेडकर अस्पताल के नए भवन का काम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले नए अस्पताल भवन ने तीस महीने बाद भी आकार लेना शुरू नहीं किया है। मरीजों की सुविधा के विस्तार के लिए अति आवश्यक इस भवन को बनाने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी के पास है। उसके कामकाज की प्रक्रिया इतनी लंबी है कि अब तक निर्माण एजेंसी ही तय नहीं हो पाई है। पर्याप्त जगह के अभाव में मरीज अभी को इलाज के लिए तकलीफ उठानी पड़ रही है।

राज्य शासन द्वारा आंबेडकर अस्पताल भवन में ज्यादा मरीजों की भर्ती के लिए सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले नए भवन के निर्माण को मंजूरी दी थी। इस दौरान माना गया था कि एक से डेढ़ साल में भवन बनने के बाद वहां के कई इलाज में भर्ती होने वाले मरीजों को अपना बेड शेयर नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए आवश्यक निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई। अपने शिथिल कामकाज के लिए हमेशा चर्चित रहने वाली इस एजेंसी ने



बेहद जरूरी काम को भी अपनी आदतन के अनुसार ढीला कर दिया। योजना के मुताबिक इस एकीकृत अस्पताल के निर्माण के लिए 322 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त है। इसके लिए सीजीएमएसी ने टेंडर तो जारी किया गया था मगर तीस महीने की प्रक्रिया के बाद भी इसे अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। निर्माण एजेंसी तय नहीं होने की वजह से निर्माणाधीन स्थल पर खड़ा भवन अभी भी जस का तस खड़ा है क्योंकि वहां अब तक काम ही शुरू नहीं हो पाया है। तीस महीने बीत चुके इस भवन का काम शुरू होने और पूरा होने में तीन से चार साल लगने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है।




## खबर संक्षेप

### किरवई में मवेशी बाज़ार प्रतिबंधित

**बलौदाबाजार।** मवेशी बाजार खोलने या पशुओं के क्रय-विक्रय करने से लोक शांति भंग होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिमगा द्वारा ग्राम किरवई में मवेशी बाजार को प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी द्वारा प्रस्तुत इस्तगासा एवं प्रतिवेदन का अवलोकन एसडीएम सिमगा द्वारा किया गया।ग्राम किरवई के पशु बाजार में पशु तस्करी की शिकायतों के कारण वर्ष 2025 में मवेशी बाजार का ठेका अनुबंध निरस्त किया गया, जो वर्तमान में बंद है। वर्ष 2021 से 14 मार्च तक कुल 24 प्रकरणों में 49 आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत गिरफ्तारी की गई है। वर्ष 2025 में ग्राम विश्रामपुर एवं गणेशपुर के 4 हड्डी गोदामों को बंद करने का आदेश पारित किया गया था। कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा का सरहदी ग्राम होने से ग्राम किरवई में मवेशी बाजार खोलने या पशुओं के क्रय-विक्रय करने से लोक शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिमगा द्वारा धारा 152 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत ग्राम किरवई में आगामी आदेश पर्यन्त मवेशी बाजार प्रतिबंधित किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** बम्हनी में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरुध्द जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि घनश्याम साहू पिता स्व बोधूराम साहू (49 साल) निवासी परसट्ठी 14 मार्च को अपनी मोटर सायकल होंडा शाईन क्रमांक सीजी 04 एमएन 9242 में ग्राम चिंगरौद से अपनी सास चमेली बाई साहू निवासी कुशालपुर रायपुर को बिठाकर वापस अपने घर परसट्ठी जा रहा था। रास्ते में सेत गंगा मंदिर के सामने सड़क ग्राम बम्हनी पहुंचे थे तभी अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये घनश्याम साहू की बाइक को टक्कर मार दिया। घटना में घनश्याम साहू घायल हो गया, वहीं पीछे बैठी चमेली बाई साहू को कोई चोट नहीं आयी थी। घायल घनश्याम साहू को वाहन 108 से जिला अस्पताल इलाज हेतु लेकर गये। जहां के डॉक्टर द्वारा घायल को उचित इलाज हेतु रेफर करने पर परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घनश्याम साहू की 15 मार्च को मौत हो गई। मामले में अज्ञात मोटर सायकल के चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में संतों की तपोभूमि है गढ़पुलझर : मुख्यमंत्री साय

## गढ़पुलझर के नानकसागर में आयोजित होला मोहाला कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महासमुंद जिले के बसना क्षेत्र स्थित गढ़पुलझर के नानकसागर में आयोजित होला मोहाला कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका तथा विशेष कीर्तन समागम और अरदास में भाग लेकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गढ़पुलझर स्थित नानकसागर अत्यंत श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, जहां गुरु नानक देव के चरण पड़े हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ संतों की तपोभूमि रही है, जहां अनेक महान संतों ने मानवता, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया है। इस पवित्र स्थल पर आकर उन्हें अत्यंत गर्व और आत्मिक आनंद की अनुभूति हो रही है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, बसना विधायक संपत अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह संवन्नी छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा स्काउट गाइड के संयुक्त संचालक इंदरजीत सिंह खालसा गोल्डी छत्तिसगढ़ सिख संगठन संरक्षक हरपाल सिंह भांमरा सहित सिख समाज के गणमान्यजन और श्रद्धालु उपस्थित थे।



### विकास के लिए 2.50 करोड़ की स्वीकृति

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी प्रमुख तीर्थस्थलों के संरक्षण और समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में गढ़पुलझर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। इसके विकास कार्यों के लिए लगभग 2 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है और निर्माण कार्य जारी है।

## प्रवचन : ग्राम कोरदा में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह जारी

# श्रीकृष्ण की बाल लीला के श्रवण से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध, सजी आकर्षक झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

ग्राम कोरदा में कोमल प्रसाद वर्मा, भाई महावीर वर्मा एवं मोरध्वज के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 12 मार्च से चल रहा है। यह आयोजन स्व. कलाराम वर्मा, बहादुर वर्मा, तालेश्वर वर्मा, भोगेंद्र वर्मा की स्मृति में जोगेंद्र वर्मा के यहां श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन चल रहा है। कथा वाचक पंडित गौरव जोशी ने भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण बाल लीला की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। कथावाचक पं. गौरव जोशी ने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। पं. जोशी ने कहा कि भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं।

कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है। अतः हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। बहुत विवाद के बाद श्री कृष्ण की यह बात मानी गई और ब्रज में गोवर्धन पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं। पं. जोशी ने कहा कि कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। संगीतमय कथा के दौरान भजनों पर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर नाचते रहे।




### परसदा में तीन दिनों तक चली रामायण

**खरोरा।** ग्राम परसदा (कनकी) में आयोजित तीन दिवसीय रामायण का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन आदर्श रामलीला मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। तीनों दिनों तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण करते रहे। समापन दिवस पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना, रामायण पाठ एवं आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



### आत्मा के परमात्मा से मिलन की कथा है महारास

**भवानीपुर।** कुसमी प में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन रासलीला एवं श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग का वर्णन हुआ। आयोजक नंदकुमार वर्मा, नीरा वर्मा, लोकेश्वर प्रसाद वर्मा, प्रीति वर्मा वर्मा परिवार द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें कथा व्यास पर विराजमान राष्ट्रीय प्रवक्ता पं. रामनाथ तिवारी श्रीधाम वृन्दावन उत्तर प्रदेश ने कहा रास तो जीव के शिव से मिलन की कथा है, जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं, वही हरि हैं। महारास शरीर नहीं अपितु आत्मा का विषय है। जब हम प्रभु को अपना सर्वस्व सौंप देते हैं तो जीवन में रास घटित होता है। महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया, लेकिन जब गोपियों की भांति भक्ति के प्रति अहंकार आ जाता है, तो प्रभु ओझल हो जाते हैं। उसके पश्चात गोपियों ने एक गीत गाया, जिसे गोपी गीत कहा जाता है। इस गीत में उनके हृदय की पीड़ा देख भगवान कृष्ण प्रकट हो गए और रास घटित हुआ। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते हैं। महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुर जी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। श्रीमद्भागवत में तो कहा गया है कि जो कोई भी सत्य निष्ठा और एकाग्रचित्त हो रासलीला की कथा सुनता है या उसका वर्णन करता है, वह कृष्ण की शुद्ध प्रेमपूर्ण भक्ति को प्राप्त करता है। पं रामनाथ तिवारी ने आगे कहा श्री कृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि नारद जी भ्रमण पर निकले तो रुक्मिणी के पिता से मिलकर उन्हें बताया कि उनकी पुत्री का विवाह तीन पगों में तीन लोक नापने वाले त्रिलोकीनाथ श्रीकृष्ण जैसे योग्य वर से होगा। उन्होंने राजा भीष्मक को यह भी बताया कि रुक्मिणी को ब्याहने के लिए उनके घर दो वर आएंगे। नारद जी की बात सुनकर रुक्मिणी के भाई रुक्मण नाराज हो जाते हैं। वे अपनी बहन रुक्मिणी की शादी अपने मित्र राजा शिशुपाल से कराना चाहते हैं और इसका प्रस्ताव भी उनके पास भेजते हैं। इस बीच उन्हें यह भी चिंता सताने लगी कि कहीं श्रीकृष्ण बारात लेकर न आ जाएं, इसलिए वे जरासंध को भी अपनी सेना साथ लाने को कहते हैं। इस अवसर तेजराम वर्मा ओम प्रकाश चन्द्रवंशी, नंदकुमार वर्मा, डागेश्वर वर्मा, मनोज वर्मा, गोपाल वर्मा, केशव साहू, हेमलाल वर्मा, यशवंत वर्मा, सोहन वर्मा सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## सुरभि गौधाम योजना का शुभारंभ, आयोग अध्यक्ष ने सीएम का जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

बीते दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गौधाम योजना का शुभारंभ किया, जिसमें बलौदाबाज़ार विकासखंड के मोहतरा सुरभि गौधाम का भी शुभारंभ किया। मोहतरा गौधाम शुभारंभ में लवन निवासी बलौदाबाजार विकासखंड गौ सेवा आयोग अध्यक्ष केशव मिश्रा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित पशु प्रदर्शनी मेला में पशु पालकों को पुरस्कार वितरण किया।

कान्यकुब्ज शिक्षा सभा मंडल द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम में केशव मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस दूरदर्शी योजना के लिए आभार प्रकट किया एवं इस योजना से जुड़े अन्य पहलुओं पर सार्थक चर्चा भी हुई। सुरभि गौधाम के गठन से मौजूदा भाजपा सरकार का घुमंतू पशु को सुरक्षित आश्रय देने की योजना है।

## गौरव पथ निर्माण का भूमिपूजन, ग्रामीणों ने मंत्री टंकराम का जताया आभार



**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत गैतरा में मुख्य मार्ग गौरव पथ निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता वर्मा ने पूजा-अर्चना कर निर्माण का शुभारंभ किया।इस सड़क निर्माण कार्य के लिए 35 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्रामीणों ने इस स्वीकृति के लिए मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि गौरव पथ निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा गांव के विकास को नई गति मिलेगी।इस अवसर पर ग्राम सरपंच भागीरथी कुर्रे, उपसरपंच सुखराम यादव, थानसिंह वर्मा, दिलेश वर्मा, सहदेव वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, पंच झालाराम वर्मा, पंच कूलेश्वर वर्मा, सेउक राम वर्मा, बूथ अध्यक्ष ललित वर्मा, देवेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# प्राचार्य शर्मा ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया

**अर्जुनी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी के प्राचार्य रमेश कुमार शर्मा ने मृत्यु पर्यन्त मेडिकल छात्र छात्राओं के अनुसंधान कार्य हेतु देहदान करने का संकल्प लिया। यह अनुकरणीय पहल छात्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा योगदान साबित होगा। बता दें कि प्राचार्य रमेश शर्मा द्वारा मरणोपरांत शरीर का दान मेडिकल कालेज हॉस्पिटल रायपुर (मेकाहारा) को डॉ. अशोक कुमार वर्मा के समक्ष जिला हॉस्पिटल बलौदाबाजार में देहदान की प्रकिया सम्पन्न करायी गई। इस दौरान वे सपरिवार उपस्थिति होकर सम्बंधित प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया। इस देहदान के विषय में प्राचार्य शर्मा ने पूर्व राज्य सभा सांसद गोपाल व्यास से प्रेरित होकर यह निर्णय लिया गया। उनके इस नेक निर्णय पर सरस्वती शिक्षण संस्थान रायपुर सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी परिवार व समिति के अध्यक्ष सचिव आचार्य दीदी, अर्जुनी के गणमान्यजन, पत्रकार साहित्यकार, पालकगण ने उनके सामाजिक सहभागिता के प्रति इस अनुकरणीय पहल की सहराहना की।



# नपा अध्यक्ष ने जरूरतमंद को दी व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10 मवेशी बाजार निवासी नेवधा भारती को आवश्यकता अनुरूप विकलांगता की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा व्हीलचेयर प्रदाय किया गया। इस दौरान वार्ड के घनश्याम भारती सहित मोहल्ले की महिलाएं व नागरीकरण उपस्थित थे। वार्ड में ही निवासरत एक अन्य विकलांग महिला के विकलांगता को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकता अनुरूप उपचार कराए जाने के साथ ही सहयोग करने आश्वस्त किया गया और वार्ड भ्रमण कर वार्डवासियों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई, जिसका शीघ्र निराकरण करने कहा गया।



## पेज 9 के शेष

### रोजा इफ्तार में...

सोहराज चौहान, अब्दुल रज्जाक चौहान, सैय्यद अहमद अली सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।शैलेश नितिन त्रिवेदी ने रमजान को इबादत और आत्मशुद्धि का पवित्र समय बताते हुए सभी को रमजान की शुभकामनाएं दीं। ईसाई समाज के पास्टर आशीष फिलिप ने कहा कि बलौदाबाजार में इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द को और मजबूत करते हैं।कार्यक्रम में जामा मस्जिद के पेश इमाम तथा तरावीह की विशेष नमाज पढ़ाने राजगंगापुर (ओडिशा) से आए हजरत लाल मोहम्मद साहब ने शहर बलौदाबाजार, देश और विश्व में अमन, शांति और भाईचारा कायम रहने की दुआ की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### कर्मा जयंती पर...

खिलाफ आवाज बुलंद करना, श्रद्धा, भक्ति के साथ ईश्वर आराधना करना हमारे जीवन की मुक्ति का मार्ग है। कर्मा जयंती के माध्यम से मातृशक्ति का सम्मान, समाज में प्रेम भाव का संचार करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।माता कर्मा की सामूहिक पूजा आरती के बाद परसादी वितरण की गई। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष संत राम साहू, संरक्षक कोमल साहू, फेरहा राम साहु कोषाध्यक्ष, मोहन, बुद्ध साहू, भूखन, संतोष, रोहित, रमेश, जीवन, विष्णु साहू, आर्यन, हेमलता साहू, रोशनी साहू, रेखा, पिंकी, कुमारी, वीणा, शारदा साहू आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### नगर साहू संघ ...

और मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को पूर्व तहसील साहू संघ अध्यक्ष प्रेम नारायण साहू तथा नगर साहू संघ अध्यक्ष पुनीत राम साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में नगर साहू संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष संतोष साहू ने उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चंदू साहू, सी.आर. साहू, डॉ. रामू साहू, लक्ष्मी साहू, नगर महिला उपाध्यक्ष लता देवी साहू, निखिल साहू, कमलेश साहू, मधु साहू, भेकलाल सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अंत में भक्त माता कर्मा के प्रसाद स्वरूप खिचड़ी और फल का वितरण किया गया।

### जिला प्रशासन ने...

किया गया। उक्त कार्रवाई द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत की गई। इस दौरान तहसीलदार यशवंत राज, खाद्य निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नपा नेता प्रतिपक्ष ने नगर में प्याऊ खोलने उठाई आवाज

**बलौदाबाजार।** नगर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था करने की मांग उठी है। नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी से भेंट कर शहर के प्रमुख स्थानों पर मिट्टी से निर्मित प्याऊ खोलने तथा विभिन्न स्थानों पर लगे वाटर कूलरों की जांच कर उन्हें चालू कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यों से शहर आते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी होती है। इसके साथ ही शहर के प्राचीन रामसागर तालाब के सूख जाने से आसपास के वार्डों में जलस्तर गिर गया है और कई घरों के बोर सूख गए हैं। उन्होंने रामसागर के पैठू को जल्द भरवाने की मांग करते हुए कहा कि इससे भूजल स्तर बढ़ेगा और संभावित जल संकट से राहत मिल सकेगी।

### भाटापारा किसान मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष बने आनंद



**भाटापारा।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के लिए भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारका प्रसाद वर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव और नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अनुशंसा पर भाजपा किसान मोर्चा के भाटापारा शहर मंडल अध्यक्ष के लिए आनंद साहू को मनोनीत किया गया है। इस पर उनके मित्रों ने बधाई दी।

### अहिल्दा में सतनाम भजन प्रतियोगिता 20 से



ग्राम अहिल्दा में गुरु बाबा घासीदास का सात दिवसीय सतनाम भजन प्रतियोगिता का आयोजन 20 मार्च को शांति नगर अहिल्दा में आयोजित की जा रही है। 20 मार्च को ध्वजारोहण कार्यक्रम और 26 मार्च को समापन होगा। उक्त कार्यक्रम में संत, महंत, सतपंथी, मानवतावादी चौका पार्टी के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में ज्योति प्रज्वलित व गद्दी पूजा पंडित रामेश्वर बंजारे एवं साथी ग्राम कारी वाले के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम का समापन 26 मार्च को सत्धरा साथ ही गंगाजल स्नान शाम 5 बजे होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रत्येक टोली में 4 सदस्य होना अनिवार्य रखा गया है । प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि के रूप 601 रुपये एवं श्रीफल से सम्मानित किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता की जानकारी हृदय प्रकाश टंडन एवं भगत कोसले के द्वारा दिया गया।

# परंपरा और संस्कारों से होती है समाज की पहचान : इंद्र साव

## ग्रामीण अंचल में आयोजित माता कर्मा जयंती में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा क्षेत्र के दुलदुला, कचलोन, औरेठी, डोगरिया तथा पौसरी में माता कर्मा जयंती पर कलश यात्रा निकाली गई। विधायक इंद्र साव विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने संबोधन में समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी परंपराओं और संस्कारों से होती है, इसलिए हमें अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों को सहेजकर आगे बढ़ाना होगा, जिसके लिए समाज के सभी लोगों में आपसी एकता,भाईचारा बनाए रखने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की जरूरत है।



### युवाओं से नशा से दूर रहन की अपील

विधायक इंद्र साव ने कहा कि समाज में आदर्श विवाह को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे अनावश्यक और फिजूल खर्च से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सादगीपूर्ण और आदर्श विवाह से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है तथा आर्थिक रूप से भी लोगों को राहत मिलती है। उन्होंने युवाओं से समाज की परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करते हुए नशा पान से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष रामनाथ साहू, तहसील उपाध्यक्ष भुवन साहू, ग्रामीण परिक्षेत्र अध्यक्ष शेषनारायण साहू, लक्ष्मना परिक्षेत्र सचिव नेतराम साहू, बिसौहा साहू, बनसांकरा ग्राम प्रमुख मनोज लीलाधर साहू, वीरेंद्र साहू,तहसील मीडिया प्रभारी ओंकार साहू, केवल साहू, नरेश साहू, कामिनी जीवन साहू, रामाधार साहू, मालिकराम साहू, पुरूषोतम साहू, कुंजराम साहू, ग्राम प्रमुख जीवन साहू, कमल साहू, चंद्रकुमार साहू, बिसौहा साहू सहित बड़ी संख्या में विधानसभा से समाज के पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए।

## टीकाकरण : जिले में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को लगाया जा रहा एचपीवी टीका

# किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण शुरू, सर्वाइकल कैंसर से होगा बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार द्वारा देश में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है। इसी कड़ी में अब जिले में भी टीका लगाना शुरू किया जा चुका है।

■ टीकाकरण के बाद 30 मिनट निगरानी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि एचपीवी अर्थात ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव हेतु यह टीकाकरण अभी उन किशोरावस्था की बालिकाओं को लगाया जा रहा है, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन तो मनाया हो पर 15वां पूरा न किया गया हो। आयु के प्रमाण हेतु आधार अथवा फ़ोटो आईडी मान्य की जाएगी। यदि पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा पत्र के आधार पर भी टीकाकरण किया जा सकेगा।



### बालिकाओं को मिलेगा निःशुल्क टीका

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ केके टेम्भूरने के अनुसार इसका उद्देश्य किशोरावस्था की बालिकाओं को एचपी वायरस से बचाव करना है जो बाद में सर्वाइकल कैंसर का कारण बनता है। महिलाओं में यह कैंसर प्रमुख रूप से दिखाई पड़ता है। निजी अस्पतालों में भी यह टीका लगाया जाता रहा है जहां पैसे खर्च होते किंतु शासन ने इसे निःशुल्क रखा है, जिससे लोग लाभ ले सकें।

अपनी बच्ची वैशाली को जिला अस्पताल में टीका लगवाने आए शिक्षक अरुण वर्मा ने बताया कि समाचार और विभिन्न सोशल मीडिया माध्यम से उन्हें इस टीकाकरण की जानकारी मिली। पहले वह निजी अस्पताल जाने वाले थे पर अब यहां निःशुल्क टीका लग रहा है, तो जिला अस्पताल आकर टीका लगवाएं हैं।

प्रत्येक टीकाकरण सत्र स्थल पर प्रतीक्षालय, टीकाकरण कक्ष तथा निगरानी कक्ष की समुचित व्यवस्था की की गई है। टीकाकरण के बाद प्रत्येक लाभार्थी को 30 मिनट तक निगरानी में रखा जाएगा। इसका प्रमाण पत्र भी दिया जाता है।

## कबड्डी प्रतियोगिता में 52 टीमों ने लिया हिस्सा



**भाटापारा।** ग्राम कोसमंदा में एक दिवसीय कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में जायसवाल ने पूजा अर्चना कर सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया, जिसके बाद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। इस मौके पर जायसवाल ने कहा कब्बड्डी जैसे खेल से युवाओं में न केवल शारीरिक बल बढ़ता है, बल्कि आपसी भाईचारा और टीम वर्क भी सीखने को मिलता है। यह आयोजन हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। कब्बड्डी एक ऐसा खेल है जो हमारे देश की संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है और इसे बढ़ावा देने से हमारे युवाओं को सही दिशा मिलती है। 52 टीमों के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें हिरमी टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस समारोह में ग्राम के सरपंच नारायण यदु, गणमान्य नागरिक, और बड़ी संख्या में युवा साथी व प्रतिभागी टीम उपस्थित थे।

## नपं अध्यक्ष ने कलेक्टर से मुलाकात कर विकास के मुद्दों पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने सोमवार को नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा से जिला कलेक्ट्रेट में सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान अध्यक्ष साहू ने कलेक्टर शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। भेंट के दौरान नगर के समग्र विकास जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों तथा नगर में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने नगर से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं और विकास कार्यों के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने नगर के विकास कार्यों में प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान करने एवं आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान नगर साहू संघ के अध्यक्ष गुनीराम साहू, सभापति रामाधीवर अजय साहू एवं सभापति प्रतिनिधि दीपक पटेल भी उपस्थित रहे।

## माध्यमिक स्कूल में हुआ विदाई समारोह



**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में 8वीं के छात्रों को विदाई दी गई। शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों से कहा कि आप हमसे विदा लेते हुए उन सभी अद्भुत और मजेदार यादों को याद कर रहे हैं, जो हमने साथ मिलकर वर्षों से बनाई है। हमें आपके जाने का दुख है, लेकिन हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि जीवन आपको आगे कहां ले जाता है। शाला बरडीह के शिक्षक संजय कुमार बंछोर एवं चरित कुमार ध्रुव ने बच्चों को संबोधित किया कि विदाई समारोह में बोलते समय, परिचय, यादें और अनुभव साझा करना, आभार व्यक्त करना और भविष्य के लिए शुभकामनाएं, स्वर सकारात्मक रखें और ईमानदारी से बातें करें। 8वीं के विद्यार्थियों ने अपना तीन वर्षों का अनुभव बारी - बारी से बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक हेमकुमारी साहू ने कहा कि हमने जो यादें बनाई है, जो सबक सीखे हैं और दोस्ती कायम की है, वे हमेशा हमारे दिलों में बसी रहेंगी।

## भजन गायिका सुमित्रा देवी सम्मानित हुईं



**भाटापारा।** रायपुर के टाउन हॉल, कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित माता रमाई सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाटापारा रविदास समाज की गौरवशाली महिला भजन गायिका मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।इस दौरान सुमित्रा देवी भांडेकर ने मंच से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर स्वयं की लिखी हुई एक प्रेरणादायक भजन प्रस्तुत की। उनके मधुर स्वर और भावपूर्ण प्रस्तुति ने वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। गीत के माध्यम से उन्होंने बाबा साहेब के विचारों, संघर्ष और समाज के प्रति उनके महान योगदान को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

## अस्पताल में आने वाले मरीजों का समय पर बेहतर इलाज कराये अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/ सेल

कसडोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन दीप समिति साधारण सभा की बैठक विधायक संदीप साहू की अध्यक्षता में हुई।

■ जीवन दीप समिति की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार पर हुई चर्चा

बैठक में अस्पताल के सुधार, रखरखाव तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विधायक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें और मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने पर जोर दिया।



बैठक में पिछली बैठक की कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसके बाद अस्पताल में वर्तमान में चल रहे सुधार कार्यों और आगामी कार्य योजना पर चर्चा हुई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविशंकर अजगल्ले ने एजेंडावार कई प्रस्ताव प्रस्तुत किए। प्रस्तावों में अस्पताल भवन की मरम्मत व रंगरोगन, लैब के लिए रीएजेंट सामग्री और आवश्यक दवाइयों की खरीदी, एनआरसी रूम का सुधार एवं बच्चों के लिए प्ले एरिया की व्यवस्था, हॉस्पिटल वार्ड के बाथरूम खिड़की और दरवाजों की मरम्मत, वाटर कूलर की व्यवस्था फार्मासिस्ट स्वीपर और चौकीदार की नियुक्ति कर्मचारियों के वेतन वृद्धि लैब और एनआरसी के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदी पार्किंग एवं लैब शेड निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। विधायक संदीप साहू ने बीएमओ को सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और मरीजों के साथ शिष्ट व्यवहार रखने की भी हिदायत दी। बैठक में जनपद पंचायत कसडोल के अध्यक्ष कुसुम पैंकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, एसडीएम रामरतन दुबे विभिन्न विभागों के प्रमुख जनप्रतिनिधि तथा अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## देवरतिल्दा में मनी कर्मा जयंती



**खरोरा।** भक्त माता कर्मा देवी जयंती (साहू समाज की आराध्य) इस वर्ष भी धूमधाम से मनाई गई, जिसमें भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह भी हुआ। यह समारोह माता कर्मा की भक्ति, सेवा और समाज को एकता व परोपकार की प्रेरणा देने के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से कोराशी परिक्षेत्र अध्यक्ष नारायण साहू, उपाध्यक्ष चैतराम साहू, महिला तहसील उपाध्यक्ष हीना साहू, मीडिया प्रभारी आशीष साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लीलाधर साहू, महिला उपाध्यक्ष धनमत साहू, संगठन सचिव इंद्रा साहू, मीडिया प्रभारी तोलेंद्र साहू उपस्थित थे।

## मरार पटेल समाज भवन के लोकार्पण में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

# कृषि व्यवस्था में पटेल समाज की है महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को कसडोल पहुंचे, जहां उन्होंने हरदिहा मरार पटेल समाज के भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर पटेल समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, कसडोल विधायक संदीप साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां शाकंभरी माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद मरार पटेल समाज भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ हुआ।



इस दौरान कसडोल परिक्षेत्र के मरार पटेल समाज के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब उनकी सरकार छत्तीसगढ़ में थी, तब समाज भवन के निर्माण के लिए 20 लाख स्वीकृत किए गए थे। उन्होंने भवन के लोकार्पण पर समाज के सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मरार पटेल समाज परंपरागत रूप से सब्जी उत्पादन से जुड़ा हुआ समाज है और प्रदेश की कृषि व्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज प्रदेश में कुछ लोग अफीम की खेती कर छत्तीसगढ़ को नशे की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। कार्यक्रम के दौरान पटेल समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का साल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में समाज के कई पदाधिकारी जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

**पेंशनरों का धरना प्रदर्शन 20 को:** **नगरी।** पेंशनरों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 20 मार्च शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रावणभाटा मैदान में किया जाएगा। शाम 4 बजे अपनी मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह जानकारी अध्यक्ष आरएल देव तहसील कार्यालय शाखा नगरी ने दी।





